## अनमोल वचन

“जो जीवन को समझते है वे चल सकते है घने जंगलों में उतर सकते है युद्धभूमि में बिना शस्त्र और कवच के शत्रु या जंगली जानवर उनका कुछ नही बिगड़ सकते क्योंकि वे जानते है जीवन केवल शरीर तक ही सीमित नहीं हैं।”

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 193 मूल्य : 5 रू पृष्ठ : 8

सोमवार
1 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

## संक्षिप्त न्यूज

### ऑनमार्क पोर्टल की खामियों को लेकर सीबीएसई सतर्क

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कहा है कि वह अपने सेवा प्रदाता के ऑनमार्क पोर्टल में पाई गई खामियों पर कड़ी निगरानी रख रहा है, जिन्हें हाल ही में सार्वजनिक रूप से उजागर किया गया था। सोशल मीडिया पोस्ट में बोर्ड ने बताया कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का एक दल पिछले कुछ दिनों से इन प्रणालियों को मजबूत करने और पोर्टल को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए काम कर रहा है। बोर्ड ने यह भी बताया है कि पहचानी गई खामियों को दूर कर लिया गया है।

### जल अनुसंधान और विकास पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा

नई दिल्ली। जल शक्ति मंत्रालय कल नई दिल्ली में जल अनुसंधान और विकास पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करेगा। इसका उद्देश्य भारत के जल अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है। मंत्रालय ने कहा है कि इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण एक ऐसे पहल की शुरूआत करना है, जिसका उद्देश्य जल संसाधन प्रबंधन, पेयजल और जलवायु परिवर्तन से निपटना है।

कार्यक्रम के दौरान, जल शक्ति मंत्रालय और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के बीच जल संसाधन आकलन, निगरानी और प्रबंधन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है। कार्यशाला का उद्घाटन केंद्रीय जल शक्ति मंत्री चंद्रकांत पाटिल तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह करेंगे।

### सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने जीता सिंगापुर ओपन बैडमिंटन खिताब, खेल मंत्री ने दी बधाई

नई दिल्ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का पुरूष डबल्स का खिताब जीत लिया है। फाइनल में इस जोडी ने आज इंडोनेशिया के फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी को हराया।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने पर खिलाड़ियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में खेल मंत्री ने कहा कि इस जीत के साथ दो साल का लंबा इंतजार खत्म हुआ है। श्री मांडविया ने इसे भारतीय बैडमिंटन के लिए एक ऐतिहासिक जीत बताया।

### एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने ग्रहण किया नौसेना प्रमुख का कार्यभार



नई दिल्ली। एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने आज 27वें नौसेना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी का स्थान लिया है। एडमिरल स्वामीनाथन ने बताया कि चुनौतीपूर्ण, जटिल और अनिश्चितताओं से भरे परिवेश को देखते हुए नौसेना सक्रिय रूप से तैनात है। उन्होंने कहा कि नौसेना का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और इसे श्रेष्ठतम स्तर की युद्ध-क्षमता से लैस किया जाएगा।

इस अवसर पर निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कहा कि देश की नौसेना का नेतृत्व करना उनके लिए सम्मान की बात रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति के बीच भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता और पेशेवर अंदाज बना हुआ है।

## उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा, पत्रकारिता के जरिए आशा और करूणा की खबरें भी सामने आनी चाहिए

नई दिल्ली (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि राजनीतिक नेतृत्व सार्वजनिक जीवन का महत्वपूर्ण क्षेत्र है और रचनात्मक आलोचना निष्पक्ष और संतुलित होनी चाहिए। उन्होंने यह बात केरल के कोट्टयम में मलयालम दैनिक दीपिका के 140वें स्थापना दिवस समारोह के उदघाटन के दौरान कही। इस अवसर पर श्री राधाकृष्णन ने दीपिका उत्कृष्टता पुरस्कार भी प्रदान किए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि समाचार पत्र सिर्फ घटनाओं की रिपोर्टिंग ही नहीं करते बल्कि समाज के प्रति भी जिम्मेदार होते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के जरिए आशा और करूणा की खबरें भी सामने आनी चाहिए।



### जम्मू-कश्मीर में सेना ने पुंछ में एलओसी पर आधार आधारित प्रवेश-निकास प्रणाली शुरू की



जम्मू-कश्मीर(एजेंसी)।जम्मू-कश्मीर में सेना ने पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर स्थिति द्वारों पर आधार के जरिए प्रवेश और निकास प्रणाली की शुरूआत की है। इससे सीमा के पास रहने वाले निवासियों की आवाजाही सुगम होगी। नई डिजिटल प्रणाली से लोगों की पहचान जल्दी हो सकेगी और प्रतीक्षा समय में कमी आएगी। इस पहल का उद्देश्य कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए स्थानीय निवासियों की पहुंच को सुगम बनाना है।

### उत्तराखंड : रूद्रप्रयाग जिले में हो रही बारिश के कारण रोकी गई केदारनाथ यात्रा



उत्तराखंड(एजेंसी)। उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जिले में कल रात से जारी बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है।

मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट के बाद श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

जिला प्रशासन के अनुसार, मौसम में सुधार होने तक केदारनाथ यात्रा मार्ग पर किसी भी श्रद्धालु को आगे जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों, पुलिस कर्मियों, डीडीआरएफ, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और अन्य संबंधित विभागों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। आपात स्थिति के लिए आपातकालीन संचालन केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है। हेल्पलाइन नंबर है- 8958757335

## शिलॉन्ग में ‘फिट इंडिया-संडेज ऑन साइकिल’ में शामिल हुए खेल मंत्री मनसुख मांडविया

मेघालय (एजेंसी)। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया आज मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग में ‘फिट इंडिया-संडेज ऑन साइकिल’ के 76वें संस्करण में शामिल हुए।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य साइकिल के माध्यम से युवाओं, एथलीटों और फिटनेस के प्रति उत्साही नागरिकों को एकसाथ लाकर फिटनेस तथा स्वस्थ जीवन-शैली को बढ़ावा देना है।

श्री मांडविया ने कहा कि भारत भर में छह हजार से अधिक स्थानों पर साइकिलिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

उन्होंने पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति और ईंधन की खपत कम करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के संदर्भ में कहा कि कम दूरी और दैनिक आवाजाही के लिए साइकिल के उपयोग से ऊर्जा संरक्षण में योगदान दिया जा सकता है।

इस अवसर पर युवा कार्यक्रम और खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने इस अवसर पर कहा कि शिलंग में साइकिल की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने इसे फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक प्रभावी उपाय बताया।



## विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने म्यांमा के राष्ट्रपति ऊ मिन आऊं लाइन से नई दिल्ली में मुलाकात की

नई दिल्ली (एजेंयी)। म्यांमा के राष्ट्रपति ऊ मिन आऊं लाइन पांच दिन की भारत यात्रा पर कल शाम नई दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। इससे पहले राष्ट्रपति बिहार गए और गया के महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की। उनके साथ कई मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग जगत का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी



आया है। वर्तमान पद पर रहते हुए राष्ट्रपति की यह भारत की पहली यात्रा है।

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कल शाम श्री ह्लाइंग से मुलाकात की। डॉ. जयशंकर ने दीर्घकालिक द्विपक्षीय सहयोग को और प्रगाढ़ करने के लिए म्यांमा के राष्ट्रपति के सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना की।

म्यांमा के राष्ट्रपति कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दोनों देशों के ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। वे व्यापारिक मंच में भी भाग लेंगे। राष्ट्रपति मंगलवार को मुंबई जाएंगे।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## चीन में अवैध खनन स्थल ढहने से 5 लोगों की मौत, 1 घायल

चीन (एजेंसी)। चीन के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में आज एक अवैध खनन स्थल के ढहने से पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यह घटना युन्नान प्रांत के बैबु गांव में हुई।

खबरों के अनुसार, जब यह हादसा हुआ तब छह लोग अंदर फंसे हुए थे। बचाव दल ने सभी लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, बाद में पांच घायल लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति की हालत स्थिर बताई जा रही है।

स्थानीय अधिकारियों ने हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## श्रीलंका ने सभी प्रमुख श्रेणियों के ईंधन की कीमतें बढ़ाई




श्रीलंका(एजेंसी)। श्रीलंका ने सभी प्रमुख श्रेणियों के ईंधन की कीमतें बढ़ा दी है। कुछ ही दिन पहले, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने श्रीलंका के सुधार कार्यक्रम के लिए लगभग 695 मिलियन डॉलर जारी करने को मंज़ूरी दी थी। ईंधन की कीमतों में संशोधन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की कार्यक्रम समीक्षा के बाद हुआ है।

## गंडकी प्रांत के मनांग जिले में भारत और नेपाल ने संयुक्त रूप से रखी अस्पताल भवन की आधारशिला



नेपाल (एजेंसी)। भारत और नेपाल ने आज नेपाल के गंडकी प्रांत के मनांग जिले की नासन ग्रामीण नगरपालिका में एक अस्पताल भवन की संयुक्त रूप से आधारशिला रखी। भारत इस परियोजना के लिए पांच करोड़ 60 लाख नेपाली रुपये देगा। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास में उप-प्रमुख डॉ. राकेश पांडे और नासन ग्रामीण नगरपालिका के अध्यक्ष धन बहादुर गुरूंग ने आधारशिला रखी। इससे स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी।

## अमरीका के वॉशिंगटन राज्य में रासायनिक दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हुई



अमरीका(एजेंसी) । अमरीका के वाशिंगटन राज्य के लॉन्गव्यू शहर में पिछले मंगलवार को एक रासायनिक टैंक में विस्फोट से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। अभी तक नौ लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

पूरे सप्ताह खोज और बचाव अभियान जारी रहा, जिसमें बचाव दल ने संयंत्र के अंदर से मलबा हटाया और आसपास के क्षेत्र का सर्वेक्षण करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। इस बीच खबरों में कहा गया है कि विस्फोट से हुआ प्रदूषण पास की कोलंबिया नदी तक पहुंच गया है। हालांकि, लॉन्गव्यू शहर की वायु गुणवत्ता या पेयजल आपूर्ति पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सूचना नहीं मिली है।

## मन की बात : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से भीषण गर्मी के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने की अपील की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है। आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में उन्होंने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय करके ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मी से राहत के लिए आम पन्ना, छाछ, लस्सी, सत्तू, शरबत, बेल पन्ना, पनाकम, नीर मोर, सांभरम, कोकम शरबत और सोल कढ़ी का सेवन करना उपयोगी है। उन्होंने कहा कि ये पेय पदार्थ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को दर्शाते हैं और इनमें पीढ़ियों का अनुभव समाहित है।

प्रधानमंत्री ने काशी के लंगड़ा, महाराष्ट्र के अल्फाजो, गुजरात के केसर और पश्चिम बंगाल के हिमसागर आम की चर्चा करते हुए कहा कि हर क्षेत्र के आम का स्वाद अनूठा और उसकी महक सोंधी होती है। श्री मोदी ने कहा कि आम ने वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाई है और आम हमारी कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री मोदी ने नीदरलैंड्स की अपनी हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि नीदरलैंड्स सरकार ने चोलकालीन ताम्र-पट्टिकाएं भारत को लौटाई हैं। इससे दुनिया भर के तमिल समुदाय विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि ये पट्टिकाएं चोल साम्राज्य की समृद्री ताकत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ उनके संबंधों को दर्शाती हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश की अमूल्य धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि ज्ञान भारतम अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के मल्हार में छठी-सातवीं शताब्दी के पांडु वंश के महर्षि बलार्जुन से जुड़ी दुर्लभ तांबे की तीन प्लेटें भी मिली हैं।

प्रधानमंत्री ने झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित राष्ट्रीय वरिष्ठ एथलेटिक्स महासंघ प्रतियोगिता की चर्चा की। इसमें लगभग 800 एथलीटों ने भाग लिया था। श्री मोदी ने गुरिंदर वीर सिंह, विशाल टी.के., तेजस्विन शंकर, देव मीना और कुलदीप कुमार को चार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने पर बधाई दी। उन्होंने 100 मीटर दौड़ में रिकॉर्ड तोड़ने वाले गुरिंदर वीर सिंह और अनिमेष कुजूर से बात भी की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि खगोल विज्ञान ने देश की हर पीढ़ी में जिज्ञासा जगाई है। उन्होंने कहा कि खगोल विज्ञान देश में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। श्री मोदी ने युवाओं से खगोल विज्ञान क्लब में शामिल होने और छुट्टियों के दौरान तारामंडल देखने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने उत्तरप्रदेश में एक नहर में गंगा डॉल्फिन को बचाने वाले वीडियो का हवाला भी दिया। उन्होंने बताया कि नमामि गंगे अभियान के तहत बनाई गई भारत की पहली गंगा डॉल्फिन बचाव एम्बुलेंस ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री मोदी ने कहा कि गंगा डॉल्फिन संरक्षण से नदी की जैव विविधता और अमूल्य प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण भी होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने केरल में अलुवा के साजी वलाशेरिल के प्रयासों की सराहना की, जो निःशुल्क तैराकी क्लब चलाते हैं। वे 15 हजार से अधिक लोगों को तैराकी सिखा चुके हैं।

प्रधानमंत्री ने उत्तरप्रदेश के बस्ती के आकाश गुप्ता का जिक्र किया जिन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर गाँव की मनोरमा नदी को साफ किया। श्री मोदी ने गोवा के सेवानिवृत्त शिक्षक बालकृष्ण अय्या की कहानी भी साझा की जिन्होंने मद्दी-टोलाप क्षेत्र में जल-संकट के समाधान के लिए काम करना शुरू किया है।

प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के नागरकोइल में 15 स्कूल चलाने वाली शिक्षिका गिरिजा अम्मा की भी बात की जिन्होंने 'मन की बात' से प्रेरित होकर देश के सैनिकों के लिए योगदान देने का संकल्प लिया है। गिरिजा अम्मा ने बहादुर सैनिकों के लिए रोज एक रुपया दान करने की अपील बच्चों से की और इससे मिले लगभग 40 लाख रुपये प्रधानमंत्री को सौंपे।

प्रधानमंत्री मोदी ने चेन्नई के पहले हिंदू विद्यालय का उल्लेख किया जिसने पिछले वर्ष अपनी 50 वर्ष पूरे किए थे। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय नेटवर्क ने देश की शिक्षा और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देने में सराहनीय भूमिका निभाई है। श्री मोदी ने देशवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास समाज की बेहतरी के लिए लगातार काम कर रहे लोगों को पहचानें और स्वयं भी अच्छे कार्यों से जुड़ें।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस




नई दिल्ली(एजेंसी)। आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन तंबाकू के उपयोग को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण वैश्विक पहल का हिस्सा है। इस वर्ष का विषय है- अपील का अनावरणरू निकोटीन और तंबाकू की लत से निपटना।

इस अवसर पर, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने शुक्रवार को नई दिल्ली में तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान एप्लिकेशन के प्रायोगिक संस्करण का शुभारंभ किया। इस एप्लिकेशन का उद्देश्य देश भर के स्कूलों और कॉलेजों में तंबाकू मुक्त मानदंडों के कार्यान्वयन और निगरानी को मजबूत करना है। यह पहल शैक्षणिक संस्थानों द्वारा स्व-मूल्यांकन और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को आसान बनाएगी। इससे तंबाकू मुक्त दिशानिर्देशों के पालन की सटीक निगरानी हो सकेगी। इसके साथ ही, यह व्यवस्था शिक्षण संस्थानों में तंबाकू नियंत्रण से जुड़े चेतावनी संकेतों को लागू करना सुनिश्चित करेगी और स्कूलों व कॉलेजों के सौ गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाने में भी मदद करेगी।

सुश्री श्रीवास्तव ने कहा कि इस वर्ष के विश्व तंबाकू निषेध दिवस का विषय युवाओं को तंबाकू और निकोटीन की लत के हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने बताया कि देशभर में अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, आयुष संस्थानों और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में दो हजार से अधिक तंबाकू त्याग केंद्र स्थापित किए गए हैं। सचिव ने शैक्षणिक संस्थानों और हितधारकों से तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान आवेदन के प्रायोगिक चरण में सक्रिय रूप से भाग लेने और परिसरों में तंबाकू मुक्त प्रथाओं को मजबूत करने का आह्वान किया।

# नवांशहर नगर पुलिस ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित, विदाई समारोह आयोजित

जीत समाचार नवांशहर।

शहीद भगत सिंह नगर पुलिस द्वारा जिला पुलिस कार्यालय में सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को फूल मालाओं और नोटों की मालाओं से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उनकी लंबी एवं निष्ठापूर्ण सेवा के लिए आभार जताया और उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।अधिकारियों ने कहा,''सेवानिवृत्त कर्मचारियों का अनुभव विभाग के लिए हमेशा अनमोल रहेगा। इन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।''समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहा।



# वार्ड 90: पीटीएम में राकेश पराशर ने शिक्षकों-छात्रों को किया सम्मानित, बोले - शिक्षक समाज के निर्माता हैं

जीत समाचार लुधियाना (यादविंदर)।

लुधियाना वार्ड नंबर 90 के सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों से पहले आयोजित शिक्षक-अभिभावक मीटिंग में समाजसेवी राकेश पराशर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।इस दौरान राकेश पराशर ने स्कूल के शिक्षकों और मेधावी छात्रों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और प्रदर्शन के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। राकेश पराशर ने कहा, ''शिक्षक ही समाज के असली निर्माता हैं और बच्चे देश का भविष्य हैं। इनका मान-सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि छुट्टियों के दौरान बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें और उन्हें अच्छे संस्कार दें। स्कूल स्टाफ ने राकेश पराशर का आभार जताया।



जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देंगे हम!

जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।

9041090470



दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

# पंचायत चुनाव में अक्सर 'स्थानीयता' सबसे बड़ा मुद्दा होती है।

बिल्कुल सही कहा आपने। पंचायत चुनाव आम चुनावों से बहुत अलग होते हैं, और इसमें 'स्थानीयता' का भाव सबसे निर्णायक भूमिका निभाता है। इसके पीछे के कुछ प्रमुख मनोवैज्ञानिक और व्यावहारिक कारण ये हैं।

सुलभता : ग्रामीण मतदाता ऐसे प्रतिनिधि को प्राथमिकता देते हैं जो सुख-दुख में, दिन हो या रात, उनके द्वार पर उपलब्ध रहे। चुनाव जीतने के बाद शहाहिबर या 'नेता' बनकर दूर हो जाने वाले प्रत्याशियों की तुलना में वह व्यक्ति ज्यादा भरोसेमंद होता है जिसे लोग रोजमर्रा की जिंदगी में देख सकते हैं।


पारिवारिक और सामाजिक संबंध: पंचायतों में जाति, बिरादरी और आपसी पारिवारिक संबंधों का जाल बहुत गहरा होता है। 'स्थानीय होने' का मतलब केवल एक गांव में रहना नहीं, बल्कि उस गांव की परंपराओं, विवादों और सामाजिक संरचना को समझना है। लोग उस व्यक्ति को चुनना पसंद करते हैं जो उनके शअपनेश परिवार या समुदाय का हिस्सा महसूस होता है।

समस्याओं की समझ: एक बाहरी व्यक्ति भले ही विकास के बड़े-बड़े वादे करे, लेकिन स्थानीय व्यक्ति जानता है कि किस मोहल्ले में नाली की समस्या है, किसके घर तक पानी नहीं पहुंचता, या किस खेत के पास रास्ता खराब है। यह 'ऑन-ग्राउंड' जानकारी मतदाता को आश्वस्त करती है कि यह उम्मीदवार काम करवा पाएगा।

भरोसा और जवाबदेही: स्थानीय व्यक्ति की जवाबदेही तय करना आसान होता है। गांव के लोग एक-दूसरे को जानते हैं, इसलिए अगर कोई काम नहीं होता, तो वे सीधे सवाल कर सकते हैं। यह 'आमना-सामना' होने की स्थिति ही प्रतिनिधि को अधिक जिम्मेदार बनाती है।

भावनात्मक जुड़ाव : चुनाव में कई बार लोग यह देखते हैं कि श्क्या यह प्रत्याशी हमारे गांव की मिट्टी से जुड़ा है? जो व्यक्ति गांव के तीज-त्योहारों, मेलों और स्थानीय आयोजनों में सक्रिय रहता है, उसका पलड़ा स्वाभाविक रूप से भारी हो जाता है।

कमल पवार




जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करे।
9803025111, 8878400009

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की


जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम! जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# नगर निगम जोन-सी की बिल्डिंग ब्रांच फिर विवादों में, एटीपी पर अवैध निर्माण को संरक्षण देने के आरोप:शिकायतकर्ता

जीत समाचार लुधियाना (विक्की कुमार)। नगर निगम जोन-सी की बिल्डिंग ब्रांच एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गई है। हाल ही में विभागीय कार्यप्रणाली को लेकर उठे सवालों के बीच अब एक नए मामले ने निगम प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।शिकायतकर्ता ने संबंधित ए टी पी पर अवैध निर्माण को संरक्षण देने, भ्रामक जानकारी देने और निगम कमिश्नर के निर्देशों की अनदेखी करने के आरोप लगाए हैं।




निर्माण कार्य को लेकर उठे सवालः शिकायतकर्ता यादविंदर के अनुसार ज्ञान ढाबा के समीप एक बहुमंजिला भवन का निर्माण कार्य लंबे समय से जारी है। उनका आरोप है कि निर्माण बिना आवश्यक मंजूरी और नियमों की पूर्ण पालना केकिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इस संबंध में कईबार नगर निगम अधिकारियों को सूचित किया गया, लेकिन निर्माण कार्य रूकने के बजाय लगातार आगे बढ़ता रहा।

ए टी पी के दावों और जमीनी हकीकत में अंतर?
शिकायतकर्ता का कहना है कि जब उन्होंने संबंधित एटीपी से संपर्क किया तो उन्हें बताया गया कि निर्माण कार्य रूकवा दिया गया है और भवन मालिक को आवश्यक नोटिस जारी किया जा चुका है। लेकिनमौके पर जाकर देखने पर निर्माण कार्य चलता हुआ मिला।उनका आरोप है कि यदि विभाग की ओर से कार्रवाई की गई थी तो फिर निर्माण कार्य कैसे जारी रहा। इस सवाल ने विभागीय निगरानी और कार्रवाई की प्रभावशीलता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।फोटो और सबूत भेजने का दावाः शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि उन्होंने निर्माण कार्य जारी रहने की तस्वीरें और अन्य जानकारी संबंधित अधिकारी को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी थी। इसके बावजूद कथित रूप से कोई ठोस कार्रवाई नहीं कीगई। उनका कहना है कि यदि शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई होती तो निर्माण कार्य को नियमों के अनुसार नियंत्रित किया जा सकता था।

पत्रकारों से दूरी बनाने के आरोपः मामले से जुड़े सूत्रों का कहना है कि हाल के दिनों में बिल्डिंग ब्रांच से जुड़े विवाद सामने आने के बाद संबंधित अधिकारी मीडिया के सवालों से बचते नजर आ रहे हैं। कई पत्रकारों ने आरोप लगाया कि उनके फोनकॉल और संदेशों का जवाब नहीं दिया गया। हालांकि इस संबंध में अधिकारी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

पहले भी हुई थी कार्रवाई : गौरतलब है कि कुछ समय पहले नगर निगम कमिश्नर द्वारा जोन-सी से जुड़े दो बिल्डिंग इंस्पेक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए चार्जशीट जारी की गई थी। इस कार्रवाई के बाद उम्मीद जताई जा रही थी किअवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कदमउठाए जाएंगे। लेकिन नए आरोपों ने फिर से विभाग की कार्यप्रणाली को चर्चा में ला दिया है।

कमिश्नर के आदेशों की पालना पर सवाल : नगर निगम प्रशासन की ओर से बार-बार यह स्पष्ट किया जाता रहा है कि बिना स्वीकृत नक्शे के कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके शहर के विभिन्न इलाकों में अवैध निर्माण की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। शिकायतकर्ता काआरोप है कि कुछ अधिकारी नियमों को लागू करने के बजाय कथित रूप से निर्माणकर्ताओं को राहत देने का प्रयास कर रहे हैं।

जांच की मांग तेज : शिकायतकर्ता ने कहा है कि पूरे मामले की शिकायत नगर निगम कमिश्नर को दी जाएगी और निर्माण की वैधता, अधिकारियों की भूमिका तथा विभागीय कार्रवाई की निष्पक्ष जांच की मांग की जाएगी। उनका कहना है कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही यामिलीभगत पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार :फिलहाल मामले में लगाए गए आरोपों पर नगर निगम प्रशासन या संबंधित एटीपी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि निगम प्रशासन शिकायत की जांच कैसे करता है और क्या इस मामले में किसीप्रकार की विभागीय कार्रवाई की जाती है।






# सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए आवेदन आमंत्रित

**उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन https://awards-gov-in/ पोर्टल पर 30 सितंबर 2026 तक कर सकते हैं।**

जीत समाचार हरियाणा। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन https://awards-gov-in/ पोर्टल पर 30 सितंबर 2026 तक कर सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। उन्होंने बताया कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। संस्थान स्वैच्छिक संगठनों, कॉरपोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रियाध्वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए उम्मीदवार ने देश में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान/नवाचार या इस कार्य क्षेत्र में काम किया हो। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ आपदा प्रबंधन में किए गए कार्यों का विवरण होना चाहिए। पुरस्कार के संबंध में अधिक जानकारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के पोर्टल पर उपलब्ध है।

# अंत्योदय फाउंडेशन व सिग्मा समूह ने 259 स्कूली छात्राओं को वितरित की साइकिलें

जीत समाचार हरियाणा। पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में संचालित अंत्योदय फाउंडेशन और सिग्मा समूह के संयुक्त तत्वावधान में आज घरौंडा व नीलोखेड़ी में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की छात्राओं को स्कूल जाने की सुविधा हेतु 259 साइकिलें वितरित की गई। जिसमें घरौंडा में आयोजित कार्यक्रम में 109 व नीलोखेड़ी में आयोजित कार्यक्रम में 150 साइकिलें वितरित की गई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, अंत्योदय फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता और एषणा कल्याण आदि उपस्थित रहे।



इस अवसर पर राज्य सभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में यह संस्था समाज में व्यवस्था परिवर्तन का कार्य कर रही है। अंत्योदय फाउंडेशन केवल बच्चों की शिक्षा ही नहीं, बल्कि उनके भविष्य और रोजगार की भी चिंता करती है। उन्होंने अपील की कि समाज के सक्षम लोग आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करें, क्योंकि छोटी-सी शुरूआत ही समाज में बड़ा बदलाव लाती है।

इस अवसर पर कविंद्र राणा ने कहा कि ये केवल साइकिलें नहीं हैं, बल्कि उन बच्चियों के लिए प्रगति का माध्यम हैं जिनके स्कूल गांवों से दूर हैं। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन गरीब परिवारों के बच्चों को स्किल सिखाकर आत्मनिर्भर बना रहा है और सरकार व बैंकों के माध्यम से उन्हें ऋण उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से सशक्त कर रहा है। मुख्यमंत्री रहते हुए मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन करने का कार्य किया। उनके नेतृत्व में अंत्योदय के सिद्धांत के तहत पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा।

अंत्योदय फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता ने बताया कि फाउंडेशन के माध्यम से गरीब परिवार के बच्चों के लिए शिक्षा के स्तर में बढ़ोतरी व कौशल विकास की तरफ कार्य किया जा रहा है। आज फाउंडेशन द्वारा घर से पैदल स्कूल जाने वाली बच्चियों को साइकिल दी गई हैं ताकि उनकी पढ़ाई के बीच दूरी की कोई बाधा न आए।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# धर्मशाला की जनता ने विकास पर लगाई मुहरः 11 वार्डों में भाजपा की जीत पर जयराम ठाकुर ने दी बधाई

जीत समाचार शिमला/धर्मशाला (दिनेश कुमार शर्मा)।
नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने धर्मशाला नगर निगम चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की है। भाजपा ने 11 वार्डों में शानदार जीत दर्ज की है।श्री ठाकुर ने सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, "यह जीत धर्मशाला की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद और भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। जनता ने एक बार फिर विकास की राजनीति को चुना है।"उन्होंने कहा कि "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मंत्र पर चलते हुए भाजपा धर्मशाला के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री ठाकुर ने धर्मशाला की जनता के विश्वास और समर्थन के लिए दिल से आभार जताया।

## नगनोली पंचायतः लता ठाकुर ने 348 वोटों से दर्ज की शानदार जीत, भाजपा नेता की पत्नी को हराया



जीत समाचार हरोली। नगनोली पंचायत चुनाव में श्रीमती लता ठाकुर ने शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने हरोली भाजपा के टिकटार्थी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा ऊना के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री ओंकार नाथ की धर्मपत्नी को 348 मतों के अंतर से पराजित किया।इस जीत पर श्रीमती लता ठाकुर तथा उनके पति, नगनोली पंचायत के पूर्व प्रधान श्री मेहताब ठाकुर को क्षेत्रवासियों ने बधाई दी है।जनता ने सेवा पर लगाई मुहर ।ग्रामवासियों का कहना है कि यह विजय पिछले पाँच वर्षों से श्री मेहताब ठाकुर द्वारा पंचायतवासियों की सेवा, समर्पण और पंचायत के विकास के लिए किए गए कार्यों पर जनता द्वारा लगाई गई पुनः विश्वास की मोहर है।जीत के बाद श्रीमती लता ठाकुर ने मंदिर में माथा टेका और कहा, "यह जीत नगनोली की देवतुल्य जनता की जीत है। मैं पंचायत के विकास और जनसेवा को सर्वोपरि रखूंगी।"श्री मेहताब ठाकुर ने कहा कि "जनता ने हमारे परिवार पर जो विश्वास जताया है, हम उस पर खरा उतरेंगे। विकास की गति रुकने नहीं देंगे।"

# 28 लड़कियों ने लगवाया कैंसर रोधी टीका, जिला में 1442 पहुंचा आंकड़ा




जीत समाचार हमीरपुर (ब्यूरो)। सर्विकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) से बचाव हेतु आरंभ किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की सभी लड़कियों के मुफ्त टीकाकरण अभियान के तहत रविवार को 28 लड़कियों ने यह टीका लगवाया। इसके साथ ही जिला में यह कैंसर रोधी टीका लगवाने वाली लड़कियों की संख्या 1442 हो गई है।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि इस अभियान के तहत जिला में 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की 2967 लड़कियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इनमें से 48.6 प्रतिशत लड़कियां यह टीका लगवा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को आयुष्मान आरोग्य केंद्र दड़ूही में भी टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया।

# सराज में भाजपा का दबदबाः पंचायती राज चुनाव में 78 में से 66 पंचायतों पर कब्जा, जयराम ठाकुर बोले - मुख्यमंत्री सुक्खू के दावे बेनकाब

जीत समाचार सराज/मंडी।
पंचायती राज चुनाव में सराज विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 78 में से 66 पंचायतों में जीत दर्ज की है। भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की इस बड़ी जीत पर नेता प्रतिपक्ष एवं सराज के विधायक जयराम ठाकुर ने सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई दी है।जयराम ठाकुर ने कहा, "यह परिणाम प्रदेश की जनता का भाजपा की नीतियों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी सोच पर अटूट भरोसा दर्शाता है। जनता ने भाजपा के काम पर मुहर लगाई है।"




कांग्रेस पर सीधा हमला :
पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के भ्रामक दावों और झूठे प्रचार को जनता ने पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी के दावे भी इन चुनाव परिणामों के सामने पूरी तरह बेनकाब हो गए हैं।
विजेताओं को दिया मंत्र :
सभी विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए जयराम ठाकुर ने कहा, "मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी जनसेवा, पारदर्शिता एवं विकास को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।" उन्होंने कहा कि जनता का जनादेश स्पष्ट है और आने वाले समय में भी प्रदेश विकास एवं सुशासन की राजनीति को ही समर्थन देगा।

# अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव में होगा : स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन

## तीन आयु वर्ग के बच्चे ले सकेंगे भाग, ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से होगा पंजीकरण

अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव 2026 के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जिला शिमला तथा अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला आयोजन समिति द्वारा "स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता दृ मेरा बच्चा, मेरा अभिमान" का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के समग्र स्वास्थ्य, पोषण, शारीरिक विकास तथा स्वच्छता के प्रति अभिभावकों को जागरूक करना है।
उपायुक्त शिमला एवं अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव आयोजन समिति अनुपम कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता 10 जून 2026 को रानी झांसी पार्क, रिज शिमला में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का समय प्रातः 10रू00 बजे से दोपहर 2रू00 बजे तक रहेगा। प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकते हैं, जिनमें 0 से 12 माह, 13 से 36 माह और 37 से 60 माह के बच्चे शामिल रहेंगे।
विभिन्न मानदंडों के आधार पर होगा बच्चों का मूल्यांकन : उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत बच्चों का मूल्यांकन विभिन्न मानदंडों के आधार पर किया जाएगा जिनमें मजबूत एवं अच्छी तरह से पोषित बच्चे (पोषण), सही गति से बढ़ता विकास (शारीरिक माप), तेज दिमाग एवं शुरुआती कदम (विकास के पड़ाव), स्वस्थ शरीर एवं सुरक्षित मुस्कान (शारीरिक जांच) और साफ-सुथरे एवं आत्मविश्वासी बच्चे (स्वच्छता) जैसे मापदंड शामिल रहेंगे। प्रतियोगिता के दौरान शिशुओं का चिकित्सकीय परीक्षण भी किया जाएगा, जिसके लिए अभिभावकों को बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र तथा टीकाकरण कार्ड की फोटोकॉपी साथ लाना अनिवार्य होगा।
विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक इनाम : उपायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं जिनमें प्रथम पुरस्कार 25,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 20,000 रुपए और तृतीय पुरस्कार 15,000 रुपए शामिल हैं। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण शुल्क 10 रुपए निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभिभावक पोस्टर पर उपलब्ध फ़ कोड के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को इस प्रतियोगिता में भाग दिलाने तथा स्वस्थ एवं सशक्त बाल विकास के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने की अपील की है।




## सुंदरनगर में बीडीसी सदस्यों के चुनाव परिणाम घोषित

जीत समाचार सुन्दरनगर(ब्यूरों)।
पंचायत समिति सुंदरनगर के अंतर्गत 16 ग्राम सभाओं के लिए हुए बीडीसी चुनावों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। मतगणना पूर्ण होने के बाद निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने विजयी उम्मीदवारों की घोषणा की।
घोषित परिणामों के अनुसार ग्राम सभा 1 पौड़ाकोठी से तेजू, 2 मलोह से भूप सिंह, 3 सलापड़ कॉलोनी से रोशन लाल, 4 सेरीकोठी से मुकेश कुमार, 5 ध्वाल से रामकली उर्फ श्यामी, 6 सलापड़ से जगदीश, 7 डैहर से कमल कुमार, 8 जड़ोल से जीत राम, 9 बरोटी से कुमारी मंजू, 10 चनोल से सपना देवी, 11 टिहरी से पाम्पली देवी, 12 बरतो से जमना, 13 चमुखा से पल्लवी शर्मा, 14 कपाही से कमला पठानिया, 15 कलौहड़ से निर्देश कुमार तथा 16 खिलड़ा से शीला देवी विजयी घोषित किए गए।
निर्वाचन अधिकारी ने सभी विजयी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहयोग के लिए मतदाताओं, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों का आभार व्यक्त किया।






# पंचरूखी पंचायत समितिः वार्ड-09 भुआणा से राजेन्द्र पाल 'कनाकडू' ने दर्ज की शानदार जीत

जीत समाचार भुआणा(अभिषेंक)। स्थानीय पंचायत समिति चुनाव के वार्ड संख्या-09 (भुआणा) के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, भुआणा निवासी श्री राजेन्द्र पाल (कनाकडू) ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ते हुए पंचायत समिति सदस्य का चुनाव जीत लिया है। 31 मई 2026 को हुई मतगणना के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा आधिकारिक घोषणा की गई।

मतदान का विस्तृत विवरण। इस चुनाव में कुल 2,374 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें से 2,318 मत वैध पाए गए, जबकि 47 मतों को अस्वीकृत घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त, 9 मतदाताओं ने  का विकल्प चुना।

उम्मीदवारों को मिले मत : राजेन्द्र पाल (विजेता): 623 मत, कुलबन्त :578 मत, ज्ञान चन्द : 375 मत, अनिल कुमार : 332 मत।

क्षेत्र की जनता ने राजेन्द्र पाल पर अपना विश्वास जताते हुए उन्हें पंचायत समिति पंचरूखी में अपना प्रतिनिधि चुना है। जीत के बाद समर्थकों में खुशी का माहौल है। अब क्षेत्रवासियों की नजरें नवनिर्वाचित सदस्य राजेन्द्र पाल द्वारा क्षेत्र के विकास और जन-समस्याओं के समाधान पर टिकी हैं।



# चढियार क्षेत्र में पंचायत समिति चुनावः आयुष ने दर्ज की शानदार जीत

जीत समाचार पंचरूखी/चढियार(अभिषेंक)। चढियार क्षेत्र में हुए पंचायत समिति सदस्य के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस चुनाव में गांव व डाकघर सगुर के निवासी आयुष ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए शानदार जीत हासिल की है। चुनाव परिणाम के अनुसार, आयुष को कुल 788 मत प्राप्त हुए। मतों का गणित ।इस चुनाव में कुल 1434 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। परिणाम का विवरण इस प्रकार रहा- उम्मीदवार का नाम मिले वोटः आयुष (विजेता) 788, रणजीत सिंह 331, विजय कुमार 297।




क्षेत्र के विकास की नई उम्मीद : रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्ररूप-37 के तहत आधिकारिक रूप से विजेता घोषित किए जाने के बाद आयुष के समर्थकों में भारी उत्साह है। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और मिठाइयों के साथ अपनी खुशी का इजहार किया। आयुष ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे चढियार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। पंचायत समिति में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने जा रहे आयुष की इस जीत को एक नई ऊर्जा और बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

# लंबागांवः जिला परिषद वार्ड-23 में अभिलाषा की ऐतिहासिक जीत, 4230 मतों  से प्रतिद्वंद्वी को दी मात

जीत समाचार लंबागांव
(रवि कुमार)। जिला परिषद वार्ड नंबर-23 (लंबागांव) के चुनाव परिणामों में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी अभिलाषा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बड़ी जीत दर्ज की है। जनता ने विकास के एजेंडे पर अपना भरोसा जताते हुए अभिलाषा को भारी बहुमत से विजयी बनाया है।

एक तरफार ही जीतः मतगणना के नतीजों के अनुसार, अभिलाषा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सकीमा देवी को 4230 मतों के विशाल अंतर से पराजित किया। अभिलाषा को कुल 7708 वोट मिले, जबकिस की मादेवी को 3478 औरस्वेता को 1541 वोट प्राप्त हुए।

मतगणना का राउंड-वार ब्यौरा इस प्रकार रहाः

| प्रत्याशी का नाम | राउंड-1 | राउंड-2 | राउंड-3 | कुल मत |
|---|---|---|---|---|
| अभिलाषा | 4330 | 3378 | 510 | 7708 |
| सकीमादेवी | 2150 | 1328 | 237 | 3478 |
| स्वेता | 851 | 690 – | | |

(नोटः अन्य मतों में रिजेक्टेड वोट 132 और नोटा को 167 वोट मिले)

जनता के भरोसेका रखा मान

जीत के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में अभिलाषा ने भावुक होकर क्षेत्र की जनता का आभार जताया ।उन्होंने कहा, ष्यह जीत मेरी नहीं, बल्कि  वार्ड के हर एक नागरिक के विश्वास और समर्थन की जीत है ।जनता ने विकास के नाम पर जो मोहर लगाई है,मैं उसके लिए सदैवतत्पर रहूंगी।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि उन का मुख्य एजेंडा वार्ड कास र्वागीण विकास होगा ।अभिलाषा ने प्राथमिकता के आधार पर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने और आम जन की समस्याओं के त्वरित समाधान कासंकल्प लियाहै। क्षेत्रवासियों में इस जीत को लेकर भारी उत्साह है और समर्थ कों ने अभिलाषा को बधाई देते हुए क्षेत्र की उन्नति की उम्मीद जताई है।

इस बड़ी जीत के बाद क्षेत्र के समर्थ कों में जश्न का माहौल है और सभी की नजरें अब अभिलाषा के आ गामी विकास कार्यों पर टिकी हैं।




# संघोल वार्ड नंबर 8 : मोनू देवी बनीं नई बीडीसी सदस्य, भारी मतों से दर्ज की जीत



जीत समाचार संघोल(रवि कुमार)। स्थानीय निकाय चुनाव के परिणाम घोषित होने के साथ ही संघोल वार्ड नंबर 8 से बीडीसी (ठक्) सदस्य के चुनाव में मोनू देवी ने शानदार जीत हासिल की है। चुनाव में मोनू देवी को कुल 955 वोट प्राप्त हुए, जिसके साथ ही उन्हें बीडीसी सदस्य के रूप में निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। इस वार्ड में कुल 2577 वोट पोल किए गए थे, जिसमें मोनू देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया।

विस्तृत चुनाव परिणामः प्रत्याशी का नाम प्राप्त मत मोनू देवी 955, देवबंती 721, कुसुम लता 490, बबिता देवी 369

क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

मोनू देवी की इस जीत पर समर्थकों और स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह है। जीत के बाद उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य और क्षेत्र के विकास के लिए काम करने की कामना की है ।मोनू देवी को बीडीसी सदस्य निर्वाचित होने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं! आशा है कि वे अपने कार्यकाल में संघोल वार्ड नंबर 8 के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी।

# टम्बर वार्ड 10 में मधु मालती ने दर्ज की शानदार जीत, निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 113 मतों से हराया



जीत समाचार जयसिंहपुर/टम्बर(रवि कुमार)। टम्बर पंचायत वार्ड क्रमांक 10 में हुए समिति सदस्य चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस चुनावी मुकाबले में मधु मालती ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मलकान देवी को पराजित कर जीत का परचम लहराया है।

निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, कुल 2537 मतों में से मधु मालती ने 785 मत प्राप्त किए। उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी मलकान देवी को 672 मत मिले। इस प्रकार मधु मालती ने 113 मतों के अंतर से यह सीट अपने नाम की।

वार्ड के अन्य प्रत्याशियों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा
अनीता देवीः 567 मत
बिंता देवीः 513 मत

जीत के बाद समर्थकों ने मधु मालती को बधाई दी और उनकी जीत का जश्न मनाया। नवनिर्वाचित सदस्य ने अपनी जीत का श्रेय वार्ड वासियों के विश्वास और समर्थन को दिया है। उन्होंने कहा कि वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगी।

# बागकुलजा पंचायत समिति के वार्ड नंबर 11 से अभिषेक सूद ने दर्ज की शानदार जीत



जीत समाचार बागकुलजा(रवि कुमार)। स्थानीय पंचायत समिति चुनाव के वार्ड नंबर 11 के घोषित परिणामों में अभिषेक सूद ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से मात देते हुए जीत हासिल की है। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वार्ड में कुल 3,057 वोट डाले गए थे, जिनमें से अभिषेक सूद को 1,312 मत प्राप्त हुए। अभिषेक सूद की इस जीत में उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी विनोद कुमार को 678 वोट मिले, जो अभिषेक से काफी पीछे रहे। चुनावी दौड़ में अन्य उम्मीदवारों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा।

उम्मीदवार का नाम प्राप्त मतों की संख्या
अभिषेक सूद 1,312
विनोद कुमार 678
देश राज 346
आशा देवी 337
नवरत्न 153

अपनी जीत के बाद समर्थकों से घिरे अभिषेक सूद ने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया और वार्ड के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस जीत के साथ ही क्षेत्र में उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

